हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 जून 2026

04 29 पंचायतों के 58 गांवों के आंशिक हिस्सों को शामिल...



07 ये कैसी कार्रवाई?: निजी बोलेरो से पहुंचा...





## खबर संक्षेप

### पुरूष हॉकी प्रतिभा चयन ट्रायल का आयोजन कल

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा म०प्र० राज्य खेल अकादमियों 2026-27 सत्र के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसी क्रम में जिला नर्मदापुरम हॉकी टर्फ ग्राउंड, नर्मदापुरम में हॉकी अकादमीयों एवं हॉकी फीडर सेंटर हेतु बालक/बालिका वर्ग का टेलेन्ट सर्च ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। पुरूष हॉकी टेलेन्ट सर्च का ट्रायल का आयोजन 01 जुलाई 2026 को दोपहर 03:30 बजे से हॉकी टर्फ ग्राउंड नर्मदापुरम में किया जाएगा।

### मलबरी पौधरोपण के ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**नर्मदापुरम।** रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने रेशम समृद्धि योजना के तहत 2026-27 के लिए निजी भूमि पर मलबरी पौधरोपण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन अब ई-रेशम पोर्टल पर किया जा रहा है। योजना के तहत किसान अपनी एक एकड़ सिंचित भूमि पर शहतूत यानी मलबरी का पौधरोपण करके रेशम कीट पालन का कार्य शुरू कर सकते हैं।

स्टेट हाईवे पर जल भराव समस्या निराकरण के नप के प्रयास, की जा रही रोड साइड कटिंग

# स्कूल के सामने व रामगंज मोड़ क्षेत्रों में समस्या को लेकर छाया अभी भी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में स्टेट हाईवे पर बारिश के दौरान कुछ स्थानों पर अत्यधिक जल भराव होता है। जिसमें से गौतम वार्ड क्षेत्र में जल भराव समस्या निराकरण के लिए नगर परिषद सोहागपुर ने प्रयास प्रारंभ किये हैं तथा रोड साइड कटिंग की जा रही है।

नगर परिषद सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौतम वार्ड में स्टेट हाईवे का तीखा मोड़ है। इस मोड़ पर सड़क का झुकाव नियमानुसार अंदर की ओर है। जहां चंद मिनट की बारिश में बहुत अधिक पानी भरता है। गत वर्षों में बरसाती पानी लोगों के घरों में भी प्रवेश करता रहा है व इस बार भी बारिश में सड़क के अंदरूनी किनारे पर बहुत जल भराव से नागरिकों को परेशानी हुई थी। जिसके चलते नप ने रोड साइड कटिंग सोमवार से शुरू की है, ताकि समीप बनी नाली से बरसाती पानी की निकासी हो सके। नप सीएमओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनता को समस्या ना हो इसलिए प्रयास किया जा रहे हैं।

**खास खबर**

- बरसाती पानी लोगों के घरों में भी प्रवेश करता रहा है
- नागरिकों ने पूरे शहर में समभाव से काम करने की मांग प्रशासन से की
- समनता के साथ समस्याओं का हो निराकरण

हाईवे पर बारिश के दौरान कुछ स्थानों पर अत्यधिक जल भराव होता है। जहां चंद मिनट की बारिश में पानी भरता है।



### इन स्थलों पर भी होती परेशानी

नागरिकों ने बताया कि मानसूनी बारिश के दौरान सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के प्रवेश द्वार के ठीक सामने बहुत अधिक मात्रा में जल भराव होता है, जहां निजी भूमि पर भूस्वामी की सहमति से प्रशासन ने कच्ची नाली तो बना दी है। लेकिन नगर परिषद द्वारा स्वीकृत पक्की नाली का निर्माण एक नेता के दबाव में नहीं किया जा रहा है। नागरिकों ने नेताजी से करबद्ध प्रार्थना की है कि नेता होने का अहं त्यागें तथा पक्की नाली बनने दें। जनता के अनुसार क्षेत्र में रामगंज मोड पर भी जलभराव होता है। यहां भी नप को समस्या के निराकरण का प्रयास करना चाहिए।

### प्रसन्नता, लेकिन खिन्नता भी

गौतम वार्ड क्षेत्र में नगर परिषद द्वारा किये जा रहे कार्य पर नप की प्रशंसा नागरिकों ने की तथा प्रसन्नता जताई है। लेकिन जनता का यह भी कहना है कि स्थानीय प्रशासन शेष स्थलों पर कोई प्रयास नहीं कर रहा है। नागरिकों के अनुसार प्रशासन को समदृष्टि रखते हुए समूचे शहरी क्षेत्र में मुख्य मार्ग एवं अंदरूनी मार्गों पर जल भराव समस्या के निराकरण के लिए प्रयास करने चाहिए। ना कि किसी क्षेत्र विशेष में ही ध्यान केंद्रित रखकर समस्या निराकृत की जाए तथा अन्य क्षेत्रों को छोड़ दिया जाए। नागरिकों ने पूरे शहर में समभाव से काम करने की मांग प्रशासन से की है।

## निर्माण होने के बाद भी नहीं खोला गया छात्रावास भवन

### परेशान छात्राओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र की शहीद भगत सिंह कालेज आदिवासी विकास विभाग द्वारा छात्राओं को छात्रावास के लिए राशि स्वीकृत की गई थी।जिसका निर्माण कार्य किया जा चुका है। लेकिन अभी तक छात्राओं के लिए खोला नहीं गया है। जिसमें की दुरी की छात्राओं को निवास का सहारा मिल सके इस बात को लेकर छात्रों छात्राओं ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें बताया गया है कि 8 वर्ष पूर्ण होने पर भी खोला नहीं गया है। आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। जल्दी खोलने की मांग की है। क्यों कि दूरस्थ इलाकों से बड़ी संख्या में छत्राएं उच्च शिक्षा के लिए आतीं हैं। सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। किराए लगाकर लगातार आना पड़ता है।इस बात को लेकर प्राचार्य डॉ राजीव माहेश्वरी ने बताया कि छात्रावास निर्माण हो गया है। लेकिन अभी कालेज प्रशासन को सौंपा नहीं गया है। तथा स्टाफ भी नहीं आया है। वीणा उइके मासूम मर्सकोले महक ठाकुर खुशबू जाटव सपना अहिरवार नंदनी सिलावट आदि अनेक छात्र छात्राओं ने ज्ञापन सौंपा।

### पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम ने की वाहनों चौकिंग, बनाए चालान

**नर्मदापुरम।** पिपरिया में मंगलवार शाम को पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान सिलारी चौक पर बिना नंबर प्लेट के घूम रही एक नई पिकअप को पकड़ा गया, जो करीब 2000 किमी का सफर कर चुकी थी। अभियान के तहत कुल आठ वाहनों के चालान काटकर समन शुल्क वसूला गया। वाहन चेकिंग अभियान के तहत नायब तहसीलदार नीरज बैंस और मंगलवारा थाने के एएसआई पर्वत सिंह ने टीम के साथ सिलारी चौराहा पर मोर्चा संभाला। इस दौरान मुख्य मार्गों से गुजरने वाले ओवरलोड ऑटो, ट्रैक्टर और बसों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल आठ वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई और मौके पर 4,000 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। एएसआई पर्वत सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान एक नई पिकअप गाड़ी को रोका गया, जिसके आगे और पीछे कहीं भी नंबर प्लेट नहीं लगी थी।

## शर्मा और रघुवंशी को दी महत्वपूर्ण नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने जिला प्रभारी संजय शर्मा की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी की 'अनुशासन और विधि समिति' तथा 'कानूनी सलाहकार समिति' का गठन किया है। जिले की अनुशासन समिति में अधिवक्ता मंगल सिंह रघुवंशी सोहागपुर तथा विधि एवं कानूनी सलाहकार समिति में अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सोहागपुर बीके शर्मा को नियुक्त किया गया है। दोनों वरिष्ठों की इस नियुक्ति पर शिवाकांत गुड्डन पांडे, पुष्पराज सिंह पटेल, संतोष मालवीय, नीरज चौधरी सहित कांग्रेसजनों ने बधाई प्रेषित कर संगठन के प्रति आभार जताया है।

## अनुशासनहीनता करने पर जिले में होगी कार्रवाई पार्टी में मर्यादा बनाना है मकसद : गुड्डन पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नर्मदापुरम जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठन के भीतर अनुशासन मजबूत करने के लिए सोमवार को पांच सदस्यीय जिला अनुशासन समिति का गठन किया है। जिला अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय (गुड्डन) ने इस नई समिति की घोषणा की। पार्टी विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए बनी इस समिति की सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले को मंजूरी के लिए भेज दी गई है। जिला अध्यक्ष द्वारा जारी सूची के अनुसार, इटारसी के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र मालवीय को इस अनुशासन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति में क्षेत्रीय संतुलन का ध्यान रखते हुए नर्मदापुरम से जीजी जोसफ, पिपरिया से एडवोकेट धर्मेंद्र नागवंशी, सिवनी मालवा के शिवपुर से मनीष देवड़ा और सोहागपुर से एडवोकेट मंगल सिंह रघुवंशी को सदस्य बनाया गया है। जिला अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि इस समिति को बनाने का असली मकसद पार्टी के भीतर अनुशासन बनाए रखना और मर्यादा तोड़ने वाले नेताओं की शिकायत सुनना है। यह समिति गुटबाजी या अनुशासनहीनता से जुड़े मामलों की तुरंत समीक्षा करेगी। इस फैसले की जानकारी प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और जिला प्रभारी संजय शर्मा को भी आधिकारिक तौर पर दे दी गई है।

## नैतिक शिक्षा व नशा मुक्ति पर विद्यार्थियों से किया संवाद, नशे से बचने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्थानीय रामलाल शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम में गायत्री परिवार के तत्वावधान में नैतिक शिक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य सुधीर मिश्रा की उपस्थिति में गायत्री परिवार के यू. के. सिंह, ओ. पी. गौर एवं शिवकुमार विश्वकर्मा ने कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के लगभग 102 छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा, चरित्र निर्माण एवं नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी।

वक्ताओं ने विद्यार्थियों से अनुशासित एवं संस्कारित जीवन अपनाने, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, शराब एवं अन्य मादक पदार्थ स्वास्थ्य और समाज दोनों के लिए हानिकारक हैं। गायत्री परिवार के ओ. पी. गौर ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा विद्यालयों एवं विभिन्न संस्थाओं में नैतिक शिक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## पल्स पोलियो अभियान का फॉलोअप शुरू सोहागपुर के गांव-गांव में हो रही समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नर्मदापुरम जिले में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को निर्धारित पोलियो बूथों पर शिशुओं को दो बूंद जिंदगी की पिलाई गई। वहीं सोमवार से प्रशासन द्वारा दो दिवसीय फॉलोअप प्रारंभ किया गया है।

सोहागपुर बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सोहागपुर ब्लॉक में 15,000 से अधिक निर्धारित बूथों पर पोलियो की दवा पिलाना शुरू किया गया था। तथा पहले दिन कुल 15,583 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई है। जिसमें से 14,438 बच्चों को पोलियो बूथों पर दवा पिलाई गई। वहीं 1145 बच्चों को यात्रा स्थलों, मेला, बाजार क्षेत्र या अन्य चिन्हित क्षेत्रों में दवा पिलाने का कार्य किया गया। इस दौरान 1038 वॉयल्स का उपयोग किया गया। बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने बताया कि अब सोमवार तथा मंगलवार को फॉलोअप किए जाएंगे। जिसमें प्रशासन द्वारा निर्धारित दल शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर पल्स पोलियो अभियान में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करेंगे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे भी कराया जा रहा है कि सभी बच्चों को दवा पिलाई गई है कि नहीं, ताकि कोई बच्चा दवा पीने से शेष ना रह जाए।

### 1 जुलाई से तीन माह के लिए जंगल सफारी बंद

**नर्मदापुरम।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का कोर क्षेत्र 1 जुलाई से अगले तीन महीने के लिए पर्यटकों के लिए बंद कर दिया जाएगा। मानसून के चलते मढ़ई और चूरना के कोर क्षेत्र में 30 सितंबर तक पर्यटकों के प्रवेश पर रोक रहेगी। 30 जून को इस सीजन की आखिरी जंगल सफारी होगी। इसके बाद 1 अक्टूबर से एक बार फिर पर्यटक कोर क्षेत्र में जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे। हर साल बारिश के मौसम में सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 1 जुलाई से 30 सितंबर तक एसटीआर के कोर क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही बंद कर दी जाती है। इस दौरान जंगल सफारी भी पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान विभाग द्वारा व्यवस्थाएं बनाई गई हैं।

## पैगंबर मुहम्मद साहब व उम्मुल मोमिनीन आयशा सिद्दीका की शान में गुस्ताखी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सुन्नी मुस्लिम काज़यित कमेटी नर्मदापुरम द्वारा नाजिया इलाही खान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का मांग पत्र सोमवार को सोहागपुर थाने में सौंपा है। साथ ही रासुका की कार्यवाही करने की मांग भी कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने की है।

सुन्नी मुस्लिम काज़यित कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष प्यारे साहब के निर्देशानुसार तथा सुन्नी मुस्लिम काज़यित कमेटी प्रदेश अध्यक्ष सैयद अनस अली चिश्ती एवं सुन्नी मुस्लिम काज़यित कमेटी प्रदेश विधिक सलाहकार एडवोकेट तकमील नासिर के परामर्श पर सोहागपुर थाना प्रभारी के नाम आवेदन सौंपा गया है। आवेदन अनुसार इस्लाम धर्म के संस्थापक हज़रत मुहम्मद मुस्तफा साहब व उम्मुल मोमिनीन आयशा सिद्दीका की शान में गुस्ताखी करने वाली नाजिया इलाही खान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए। आगे उल्लेख है कि नाजिया इलाही खान पर रासुका लगाने की मांग की जाती है। सुन्नी मुस्लिम काज़यित कमेटी ज़िलाध्यक्ष सैयद अमजद हुसैन के नेतृत्व में सोमवार को प्रतिनिधि मण्डल ने थाना सोहागपुर में आवेदन सौंपा। कमेटी ज़िलाध्यक्ष सैयद अमजद हुसैन ने बताया की आरोपी नाजिया इलाही खान का कृत्य धार्मिक स्वंत्रता पर प्रहार, नफरत एवं कटुता फैलाने, इस्लाम धर्म से ईर्ष्या, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला है। कमेटी ज़िला सह सचिव सादिक खान एवं ज़िला कोषाध्यक्ष अय्यूब अहमद खान ने बताया गया कि 11 जून 2026 को सोशल मीडिया पर अपलोड व प्रसारित की सामग्री में नाजिया इलाही खान द्वारा पैगंबर हज़रत मुहम्मद साहब व उम्मुल मोमिनीन हज़रत आयशा सिद्दीका से संबंधित अशोभनीय व अपमानजनक टिप्पणी की गई है। प्रतिनिधि मंडल में कमेटी ज़िलाध्यक्ष सैयद अमजद हुसैन, ज़िला कोषाध्यक्ष अय्यूब अहमद खान, ज़िला सह सचिव सादिक खान, ज़िला सदस्य मोहम्मद अय्यूब खान, जाविद खान, मुश्ताक अहमद खान, मुन्ना खान, यूसुफ अली, हसीब खान, आफाक खान, बब्बू पेंटर, मोहसिन खान शामिल थे।

## सीईओ पिपरिया ने नहीं दर्ज की उपस्थिति, लोग हो रहे परेशान

### सचिवों के हुए तबादलों का नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत प्रबल अरजरिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी का तबादला नरसिंहगढ़ कर दिया गया है। जिन्होंने रात में ही जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई थी। लेकिन नरसिंहगढ़ से तबादला होकर प्रतिभा परतें जनपद पंचायत पिपरिया किया गया है। लेकिन लगभग 15दिन बीत चुके हैं।अब तो आदेश भी वेअसर है गया लेकिन अभी तक परतें ने पिपरिया जनपद पंचायत में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने भी फोन लगाएं थे। तो परतें ने फ़ोन रिसीव्ड नहीं किया गया है। अभी तक लगभग 5माह से जनपद पंचायत के कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं किया गया है। लगभग 8 ग्राम पंचायत के सचिव के तबादले किए गए हैं। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। किसी भी सचिव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई नहीं है। जिससे ग्रामीण अंचलों में लोग अपने शासकीय कार्यों को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं।

अब देखना है कि क्या कोई कार्यवाही होती है।इस बात को लेकर कलेक्टर से बात कि तो उन्होंने बताया कि सभीको एक आदेश के द्वारा रिलीव किया जा रहा है। यदि कोई अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराते हैं, तो नो वेतन भुगतान नो काम नो वेतनमान की कार्रवाई होगी।

शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर में निभाई गई परंपरा

## ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ का हुआ महास्नान, हुई दिव्य आरती, 15 दिनों तक करेंगे शयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदापुरम के प्राचीन जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का पारंपरिक विधि-विधान से महास्नान कराया गया। भगवान का 51 किलो दूध, दही, पंचामृत, नर्मदा जल, गंगा जल, शहद और अन्य पूजन सामग्री से अभिषेक किया गया। 108 कलशों से महास्नान की परंपरा भी निभाई गई।

महास्नान के बाद भगवान की दिव्य आरती हुई। मंदिर के महंत ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार, ज्येष्ठ पूर्णिमा पर महास्नान के बाद भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं। इसी कारण अब भगवान अगले 15 दिनों तक शयन कक्ष में विश्राम करेंगे। इस दौरान गर्भगृह में औषधियों से उनका उपचार किया जाएगा। महंत ने बताया कि इस अवधि में भगवान को 56 भोग नहीं लगाया जाएगा। उन्हें केवल फलों का रस, जड़ी-बूटियों का काढ़ा और आयुर्वेदिक औषधियां अर्पित की जाएंगी। इस दौरान मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे। भगवान के विश्राम काल में सिंहासन पर उनकी जगह चांदी का दिव्य मुकुट विराजमान रहेगा और उसी की पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। श्रद्धालु भगवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करेंगे। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की दूज पर भगवान स्वस्थ होने के बाद फिर से भक्तों को दर्शन देंगे। इसके बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ पारंपरिक रथयात्रा पर निकलेंगे और अपनी प्रजा का हाल जानेंगे।

## लायन मनीष शाह को प्रदान किया पीस पोस्टर प्लांक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लायंस क्लब इंटरनेशनल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए,पी, सिंह ने मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट के लायन मनीष शाह को प्रतिष्ठित पीस पोस्टर से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जारी किया पत्र के माध्यम से वर्ष 2025/26के लिए राष्ट्रपति पदक की पात्रता के मापदंड में परिवर्तन किए गए हैं। जिसके कारण अनेक लायंस क्लब के सदस्यों को यह पदक प्रदान नहीं किया गया है। मनीष शाह ने बताया कि इसलिए उन्हें पीस पोस्टर प्रदान किया गया है।इस वर्ष 100%सदसयता भर्ती के लिए यह सम्मान दिया गया है। इनके कार्यकाल में 6,690सदसय नवीन जुड़े हैं।70 नवीन लायंस क्लब का गठन किया गया है। इसलिए उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर यह सम्मान दिया गया है।जिसके लिए सभी लायंस क्लब के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं बधाई दी गई।

## खबर संक्षेप

### दो बूंदों के साथ बच्चों को मिली खुशियों की सौगात

**बैतूल।** पल्स पोलियो अभियान को अधिक प्रभावी और जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग से संबद्ध राज्य आनंद संस्थान के ताप्ती आनंद क्लब, बैतूल ने रविवार को पोलियो पिलाओ, उपहार पाओ कार्यक्रम का आयोजन किया। जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक-1 में आयोजित इस अभिनव पहल के तहत पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जिंदगी की पिलाने के बाद उन्हें गुब्बारे, चॉकलेट और ड्राई फ्रूट भेंट किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं अभिभावकों ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनजागरूकता बढ़ाने वाला अभियान बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के साथ-साथ अभिभावकों को नियमित टीकाकरण और पल्स पोलियो अभियान के महत्व की जानकारी भी दी गई। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य से यह प्रेरक पहल की गई। कार्यक्रम में ताप्ती आनंद क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र बिहारिया, सुपरवाइजर प्रमोद दरवई, कार्यकर्ता रेखा वर्मा तथा सहायिका माया ठाकरे उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने के साथ अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को प्रत्येक पल्स पोलियो अभियान में अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाएं, ताकि भारत हमेशा पोलियो मुक्त बना रहे। ताप्ती आनंद क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र बिहारिया ने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा, आओ चुपके से खुशियां रख आएं इनके सिरहाने में, जिन्हें वर्षों लगे हैं मुस्कुराने में। उन्होंने कहा कि दो बूंदों के साथ मिली खुशियों की यह सौगात बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने के साथ समाज में स्वास्थ्य और टीकाकरण के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संदेश भी छोड़ गई।

### मांगों को लेकर आज निकलेगी रैली

**बैतूल।** पेंशनरों की छह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के दूसरे चरण में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा 30 जून मंगलवार को बैतूल में धरना, रैली और ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संगठन के प्रांत अध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की जाएगी। जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे ने बताया कि प्रांत स्तर पर पेंशनरों की छह सूत्रीय मांगों को शासन से स्वीकृत कराने के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में 10 जून को पूरे मध्यप्रदेश में तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपे गए थे। इस आंदोलन के परिणामस्वरूप वित्त विभाग द्वारा मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 को समाप्त करने के संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र भेजा गया है। संगठन का दावा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति मिलते ही धारा 49 समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के तहत 30 जून को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैतूल जिले में सभी पेंशनर्स को सुबह 11:30 बजे कड़वे निवास पर आयोजित नियमित मासिक बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में धरना, रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम को लेकर चर्चा और संबोधन होगा। इसके बाद दोपहर 2:45 बजे कर्मचारी भवन से प्रतिनिधिमंडल रैली के रूप में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। संगठन ने दावा किया कि प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन लगातार पेंशनरों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है, जबकि अन्य संगठनों ने इस दिशा में कोई प्रभावी आंदोलन नहीं किया। संगठन का कहना है कि उसके सतत प्रयासों के कारण शासन को महंगाई राहत सहित अन्य लाभ देने पड़े हैं। सुन्दरलाल कड़वे ने बताया कि हाल ही में जबलपुर न्यायालय ने 32 माह एवं 27 माह के एरियर भुगतान के मामले में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार की अपील खारिज कर दी है।

---

### शहर को नगर निगम बनाए जाने की कवायद तेज

# 29 पंचायतों के 58 गांवों के आंशिक हिस्सों को शामिल करने की तैयारी



संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

बैतूल शहर को नगर पालिका से नगर निगम बनाए जाने की कवायद तेज हो गई है। नगर निगम के गठन के लिए शहर के 10 किलोमीटर दायरे में आने वाली 29 ग्राम पंचायतों के 58 गांवों के आंशिक हिस्सों को शामिल करने की योजना तैयार की गई है। क्योंकि निगम बनाने के लिए करीब ढाई से तीन लाख की आबादी होना आवश्यक है, जबकि अभी शहर की आबादी करीब डेढ़ लाख के आसपास ही है।

बैतूल शहर के आसपास के गांव और पंचायतें तथा नगर पंचायत बैतूलबाजार का क्षैत्र, यदि बैतूल शहर में जुड़ जायेंगे, तो मापदंड के अनुरूप आबादी हो जायेगी। फिर प्रस्ताव पारित होने के बाद अनापत्ति प्रमाण-पत्र, दावे-आपत्तियों के निराकरण और शासन को अंतिम प्रस्ताव भेजने जैसी लंबी प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें कुछ वर्षो का समय लग सकता है। उधर, प्रशासन और जनप्रतिनिधि स्तर पर भी शहर को निगम बनाने की तैयारियों की लगातार समीक्षा की जा रही है। विगत दिनों विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कलेक्ट्रेट में एक महत्वपूर्ण बैठक ली थी, जिसमें नगर निगम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई थी। विधायक हेमंत खंडेलवाल लगातार इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें कर प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दे रहे हैं। जिससे यह साफ संकेत मिल रहे हैं कि बैतूल को नगर निगम का दर्जा देने की दिशा में गंभीर और तेज प्रयास किए जा रहे हैं।

#### नगर निगम के अनुरूप विकास कार्यो पर काम शुरू

नगर पालिका द्वारा नगर निगम के अनुरूप शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए कई विकास कार्यों पर भी काम शुरू कर दिया गया है। इनमें बस स्टैंड शिफ्टिंग, अंडरब्रिज निर्माण, सब्जी एवं फल बाजार, आईएसबीटी, नई मंडी, अभिनंदन सरोवर कॉम्प्लेक्स, क्रिकेट स्टेडियम, फायर स्टेशन और पार्क जैसे प्रमुख प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसके अलावा गीता भवन के लिए भूमि आवंटन, स्ट्रीट स्ट्रीट फूड जोन, फूड कोर्ट और मल्टीलेवल गतिविधियों की योजना पर भी काम चल रहा है। वहीं ताप्ती बैराज पर इंटेकवेल निर्माण, 22 किलोमीटर पाइपलाइन विस्तार और बैराज मरम्मत कार्यों की भी समीक्षा कर, इन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम बनने की यह प्रक्रिया यदि योजनानुसार आगे बढ़ती है तो आने वाले वर्षों में बैतूल शहर के विकास की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

#### निगम बनने पर 58 गांव हो सकते हैं शामिल

बैतूल से लगी 29 ग्राम पंचायतों के 58 गांवों के आंशिक हिस्सों को शामिल करने की योजना तैयार की गई है। इन पंचायतों में कढ़ाई, दनोरा, बडोरा, आरूल, बाजपुर, भैंसदेही, खेड़ली, मरामझिरी, टेमनी, जामठी, खेड़ला, डहरगांव, खेड़ीसांवलीगढ़, महदगांव, भड़ूस, कुम्हारटेक, भोगीतेड़ा, रोढ़ा, सूरगांव, भरकावाड़ी, खंडारा, मलकापुर, मिलानपुर, बयावाड़ी, ढोढवाडा और खडला सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं। परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित होने के बाद अगली प्रक्रिया के तहत सभी संबंधित 29 ग्राम पंचायतों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिए जाएंगे। इसके बाद प्रस्ताव का प्रकाशन किया जाएगा और दावे-आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। वहीं सूत्रों के अनुसार नगर पंचायत बैतूलबाजार का क्षेत्र भी इसमें शामिल करने की योजना है।

#### गांवों का हो रहा नगरीकरण

जानकारों का कहना है कि शहर के आसपास स्थित गांवों का वैसे भी नगरीकरण हो रहा है। इन क्षेत्रों में नई-नई कॉलोनियां बन चुकी है। इसके साथ ही लोग भी कृषि पर आश्रित न रहकर रोजगार व आजीविका के लिए अन्य कार्यों की ओर बढ़ते जा रहे हैं। नगर निगम में गांवों को शामिल करने के लिए भी यही एक प्रमुख शर्त रहती है कि उस गांव की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी गैर कृषि कार्यों में संलग्न रहे और वह क्षेत्र संक्रमणशील हो, जहां पर नगरों की तरह विकास हो चुका हो या हो रहा हो। परिषद में प्रस्ताव पारित होने के बाद बाद ही नगर निगम बनाने की प्रक्रिया को गति मिलेगी। अभी से यह प्रक्रिया इसलिए प्रारंभ कर दी है, क्योंकि इसे पूरी होने में लंबा समय लग जाता है।

#### निगम बनने से लोगों को होगा यह लाभ

- निगम को सरकार से अनुदान अधिक मिलता है। अनुदान जितना अधिक मिलेगा, उतने ही अधिक कार्य नागरिकों के लिए किए जा सकेंगे।
- ग्रामीण क्षेत्र के शहर में आने से जमीनों के दाम बढ़ जाएंगे जिससे ग्रामीणों को लाभ होगा। उन्हें भी शहर जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।
- ग्रामीणों को भी शॉपिंग कॉम्पलेक्स, अच्छे स्कूल, अच्छे अस्पताल की सुविधाएं मिल सकेंगी और इसके लिए बाहर जाने की जरुरत नहीं पडेगी।
- निगम को वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार अधिक रहेंगे और इससे जनहित के कार्यों के लिए बार-बार राजधानी के चक्कर नहीं काटने होंगे।
- पेयजल सहित अन्य कार्यों के एक ही प्रोजेक्ट बनने से अधिक लोगों को इनका लाभ मिल सकेगा और लागत में भी निश्चित रूप से कमी आएगी।

#### इनका कहना है

नगर परिषद की बैठक में नगर निगम बनाए जाने के प्रस्ताव को शामिल किया गया था और परिषद में प्रस्ताव भी पास होकर शासन को भेजा जा चुका है। विगत दिनों विधायक एवं कलेक्टर साहब को उक्त संबंध में प्रेजेंटेशन देकर जानकारी दी गई थी। अब आगे की प्रक्रिया शासन द्वारा शुरू की जायेगी।

**- नवनीत पांडे,**
सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

---

### मुलताई-मासोद मार्ग पर हादसा

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत



#### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताईझमासोद मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप सोमवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक की तलाशी लेने पर मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान धनराज पिता श्रवण जगदेव (42 वर्ष), निवासी ग्राम दतोरा के रूप में की। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल, मुलताई भेजा गया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार को संभलने का कोई अवसर नहीं मिला और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर एकत्र हो गई।नगर पालिका कर्मचारी अंकित सोनी भी मौके पर पहुंचे और पुलिस की सहायता की। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग 7 बजे जब वे इसी मार्ग से निकले थे, तब सड़क पर सब कुछ सामान्य था। उनके अनुमान के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब 8:30 बजे के आसपास हुई होगी। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं। दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

#### पुलिस ने लोगों से मांगा सहयोग

पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस दुर्घटना अथवा संबंधित वाहन के बारे में कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि आरोपी वाहन चालक की शीघ्र पहचान कर उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा सके।

### कलेक्टर ने जिले में रेत खनन पर लगाया प्रतिबंध

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने वर्षा ऋतु के चलते जिले में 30 जून 2026 की मध्यरात्रि से रेत खनन पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अनुसार बैतूल जिले में मानसून की सक्रियता को दृष्टिगत रखते हुए समस्त रेत खदानों, नदियों एवं नालों से रेत उत्खनन पर 30 जून की मध्यरात्रि से आगामी 1 अक्टूबर 2026 तक प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने सभी एसडीएम, तहसीलदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

---

## प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पहुंचे सतलोक आश्रम



**बैतूल।** सतलोक आश्रम में कबीर साहेब के 629 में प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में चल रहे विशाल तीन दिवसीय समागम कार्यक्रम का समापन भोग कि वाणी के साथ तरीके से हुआ। इस सामाजिक कार्यक्रम के तीसरे दिन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी व पूर्व कैबिनेट मंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, कांग्रेस कमेटी बैतूल के जिला अध्यक्ष निलय डागा, मप्र कर्मचारी प्रकोष्ठ के कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण गोठी, कांग्रेस कमेटी बैतूल के पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, नवनीत मालवी एवं कई जनप्रतिनिधि आश्रम में पधारे और संत रामपाल महाराज द्वारा किए जा रहे ऐसे जनकल्याण के कार्यक्रमों को देखकर भूरी भूरी प्रशंसा की। जीतू पटवारी ने संत रामपाल महाराज को सच्चे समाज सुधारक के रूप में बताया और उनके द्वारा किए जा रहे समाज सुधार के कार्य को देखकर बेहद प्रभावित हुए और उन्होंने कहा कि मैं ऐसे समाज सुधार के कार्यक्रम में हमेशा आता रहूंगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन हुआ और सभी ने शांतिपूर्वक भंडारा प्रसादी ग्रहण की।

## निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग को लेकर पत्रकारों ने सौंपा एसपी



**शाहपुर।** शाहपुर क्षेत्र के पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक, बैतूल को ज्ञापन सौंपकर पत्रकार आशीष राठौर के विरुद्ध दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि गत 21 जून को पत्रकार आशीष राठौर अपने सहयोगी पत्रकार शंकर राय एवं उनके परिवार की सहायता के उद्देश्य से घटनास्थल पर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद नितिन गुप्ता, अमित गुप्ता, नवनीत गुप्ता और किशोर सिरसाम ने उनके साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। ज्ञापन में पत्रकारों ने उल्लेख किया है कि इस पूरे मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप करते हुए दुर्भावनापूर्ण तरीके से पत्रकार को झूठे प्रकरण में फँसाया जा रहा है। उनका कहना है कि पत्रकारों के साथ इस प्रकार की घटनाएं प्रेस की स्वतंत्रता, निष्पक्षता एवं पत्रकारों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए त क्षेत्र के पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा मामले में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

पत्रकारों ने विश्वास व्यक्त किया है कि पुलिस व प्रशासन इस गंभीर मामले में शीघ्र संज्ञान लेकर निष्पक्ष कार्रवाई करेगा। ज्ञापन सौंपते समय पत्रकार गोवर्धन गुप्ता, संजय गुप्ता (पापाजी), सचिन शुक्ला, संजय जगताप, अंकुश मिश्रा, शैलेन्द्र गुप्ता, राजकमल गुप्ता, मुदित शुक्ला, मनीष सोनी आदि मौजूद रहे।

## कचरे के बीच नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी

जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी की ग्राम पंचायत हीरापुर से राष्ट्रनायक के अपमान की एक ऐसी विचलित करने वाली तस्वीर सामने आई हैं, जिसने पूरे क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया हैं। देश की आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के पास इस समय भारी गंदगी और कचरे का साम्राज्य फैला हुआ है जो कि राष्ट्र के प्रति सर्वस्व समर्पित करने वाले महापुरुष के प्रति घोर अपमानजनक और निंदनीय हैं। इस बदहाली को देखकर यहाँ से गुजरने वाले देश के राहगीर और आम नागरिक व्यवस्था की ऐसी दुर्दशा पर बेहद दुखी और आक्रोशित हैं। नेताजी की प्रतिमा की यह बदहाली देखकर क्षेत्र के युवा पत्रकार और एडवोकेट निलेश मालवीय का गुस्सा फूट पड़ा उन्होंने ग्राम पंचायत हीरापुर के जिम्मेदारों को आड़े हाथों लेते हुए जनता की तरफ से दो टूक सवाल पूछा हैं, आपके क्षेत्र में स्थापित देश के गौरव और ऐतिहासिक धरोहरों की देखरेख व संरक्षण की जिम्मेदारी आखिर किसकी है प्रशासन यह साफ करे कि इस घोर लापरवाही का असली जिम्मेदार कौन है...?

#### आने वाली पीढ़ी की चेतना पर कुठाराघात

अधिवक्ता निलेश मालवीय ने एक बहुत ही गंभीर और तार्किक विषय उठाते हुए प्रशासन को चेताया कि यदि हमारी आने वाली पीढ़ी राष्ट्र के प्रति समर्पित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान सपूतों के साथ अपनी ही आँखों के सामने ऐसा दुर्व्यवहार और अपमान होते देखेगी, तो देश के शहीदों व महापुरुषों के प्रति उनके मन में क्या चेतना जागेगी, वे देशप्रेम और सम्मान का क्या पाठ सीखेंगे।

#### जिम्मेदार को करो सेवामुक्त

उन्होंने आगे कहा कि यह मामला किसी सामान्य लापरवाही का नहीं है, बल्कि यह घोर लापरवाही हैं। राष्ट्रनायक का ऐसा अपमान बर्दाश्त से बाहर हैं प्रशासन से पुरजोर मांग की गई हैं कि इस गंभीर कृत्य के लिए जो भी संबंधित जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी है, उसे तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त किया जाना चाहिए।

#### सुंदर उद्यान और छतरी निर्माण की मांग

इस शर्मनाक स्थिति को तत्काल सुधारने के लिए सजग नागरिकों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की गरिमा के अनुरूप मूर्ति के ऊपर एक सुरक्षित एवं भव्य छतरी (शेड) का निर्माण कराया जाए। आसपास के पूरे परिसर की सघन सफाई करवाकर वहाँ एक सुंदर उद्यान (पार्क) और बगीचे विकसित की जाए, ताकि स्थान की पवित्रता बहाल हो सके।

---

### प्राकृतिक सौंदर्य की प्रतिमा कहे जाने वाले मुलताई का बदलता पर्यावरणीय स्वरूप

# गिद्ध और गौरैया के बाद अब बगुलों की घटती संख्या बढ़ा रही चिंता

#### बिगड़ते इकोसिस्टम के संकेत

असलम अहमद ▶▶ मुलताई





सतपुड़ा की मनमोहक वादियों में बसा मुलताई क्षेत्र कभी प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध जैव विविधता और वन्य जीवों-पक्षियों की विविध प्रजातियों के लिए देशभर में पहचान रखता था। यहां के घने वन, नदियां, तालाब, कुएं और जलाशय अनेक पक्षियों का प्राकृतिक आवास हुआ करते थे। लेकिन बदलते पर्यावरणीय हालात, अंधाधुंध प्राकृतिक दोहन और बढ़ते प्रदूषण के कारण अब इस क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन (इकोसिस्टम) लगातार बिगड़ता जा रहा है। गिद्ध और गौरैया जैसी पक्षी प्रजातियों के बाद अब सफेद बगुलों की लगातार घटती संख्या भी पर्यावरण प्रेमियों और विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। कभी ताप्ती सरोवर, नदियों, तालाबों और बांधों के किनारे स्थित ऊंचे वृक्षों पर सैकड़ों की संख्या में दिखाई देने वाले बगुलों के झुंड अब गिनेचुने ही नजर आते हैं। पहले आसमान में उड़ते सफेद बगुलों के समूह बच्चों के लिए कौतूहल का विषय हुआ करते थे, लेकिन आज उनका दिखना भी दुर्लभ होता जा रहा है।

#### बदलते पर्यावरण ने तोड़ी प्रकृति की कड़ियां

बुजुर्ग बताते हैं कि मुलताई क्षेत्र की हरियाली, प्रचुर जलस्त्रोत और प्राकृतिक वातावरण के कारण यहां बगुलों सहित अनेक पक्षियों की भरमार रहती थी। क्षेत्र से निकलने वाली नदियां, नाले, तालाब और कुएं पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय और भोजन का प्रमुख स्त्रोत थे। समय के साथ जलस्त्रोत सिकुड़ते गए, हरित क्षेत्र कम होता गया और प्राकृतिक आवास नष्ट होने लगे। इसका सीधा प्रभाव पक्षियों की संख्या पर पड़ा। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बगुले दिखाई देते हैं, लेकिन उनकी संख्या पहले की तुलना में बहुत कम रह गई है।

#### प्राकृतिक दोहन के परिणाम स्पष्ट दिखाई देने लगे

समुद्र तल से लगभग 765 मीटर की ऊंचाई पर स्थित मुलताई, पचमढ़ी के बाद प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में शामिल है। कभी यह क्षेत्र अपने सुहावने मौसम के कारण राजा-महाराजाओं की ग्रीष्मकालीन विश्राम स्थली माना जाता था। लेकिन पिछले दो दशकों में बड़े पैमाने पर वनों की कटाई, फलदार वृक्षों का समाप्त होना, अवैध उत्खनन और अनियोजित विकास ने यहां के पर्यावरणीय संतुलन को प्रभावित किया है। इसका असर बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है, जिससे किसान भी प्रभावित हो रहे हैं।

#### किसानों के सच्चे साथी हैं बगुले

ग्राम ताईखेड़ा और चंदोरा के बीच स्थित एक खेत में धनिया की फसल की निराई कर रही महिला के आसपास बड़ी संख्या में बगुले भोजन तलाशते दिखाई दिए। स्थानीय ग्रामीण राहुल नरवरे बताते हैं कि बगुले फसल को नुकसान नहीं पहुंचाते, बल्कि खेत में मौजूद हानिकारक कीटों को खाकर किसानों की मदद करते हैं। बुवाई के समय भी यह किसानों के साथ चलते हैं और बीज खाने के बजाय फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों का शिकार करते हैं। ग्रामीण पृथ्वी पवार का कहना है कि खेतों में नियमित रूप से काम करने वाले किसानों को बगुले पहचानने लगते हैं। किसान के साथ-साथ चलते हुए वे मिट्टी में छिपे कीटों को निकालकर खाते रहते हैं। किसानों द्वारा उन्हें भगाने का प्रयास करने पर भी वे अधिक दूर नहीं जाते। यह दृश्य मानव और प्रकृति के बीच वर्षों पुराने विश्वास और सह-अस्तित्व के संबंध को दशार्ता है। हालांकि, पहले जहां ऐसे बगुलों के बड़े-बड़े झुंड दिखाई देते थे, अब उनकी संख्या लगातार घट रही है।

#### पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते जलस्त्रोतों का संरक्षण, वनों का संवर्धन, रासायनिक दवाइयों का संतुलित उपयोग और प्राकृतिक आवासों की रक्षा के प्रभावी प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाले वर्षों में बगुलों सहित अनेक पक्षी प्रजातियां भी इस क्षेत्र से पूरी तरह विलुप्त होने की कगार पर पहुंच सकती हैं। प्राकृतिक धरोहर को बचाने के लिए समाज और प्रशासन दोनों को मिलकर गंभीर प्रयास करने होंगे।

#### इनका कहना है

कृषि में रासायनिक कीटनाशकों और दवाइयों का बढ़ता उपयोग केवल मानव स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं के लिए भी घातक साबित हो रहा है। खेतों में मिलने वाले कीट जहरीले रसायनों से प्रभावित होते हैं, जिन्हें खाने वाले पक्षियों के स्वास्थ्य और प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि बगुलों सहित कई पक्षी प्रजातियों की संख्या लगातार घट रही है।

**.आर.के. मालवीय,** पर्यावरणविद्
एवं प्रभारी प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय बैतूलबाजार

**खबर संक्षेप**



### सीहोर क्लब ने डीएसवायडब्ल्यू को 6-3 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। लगातार दूसरे वर्ष भी यहां पर 12 टीमों के मध्य मुकाबले खेले जा रहे है। शनिवार को प्रतियोगिता के पहले मैच में सीनियर वर्ग की टीम सीहोर क्लब ने डीएसवायडब्ल्यू को 6-3 के विशाल अंतर से हराया। शाम को बारिश की फुहारों के मध्य सीहोर क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। वहीं जूनियर वर्ग के रोमांचक मैच में आरएसआई टीम ने एमजी क्लब को 2-1 से हराया। इस मौके पर स्ट्राइकर धुरव ने आरएसआई की ओर से लगातार 2 गोल किए। शनिवार को खेल मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने यहां पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहाकि खेलों के माध्यम से खिलाड़ी जीवन में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता सीखते हैं। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना उन्हें मानसिक रूप से मजबूत और खेल में निरंतरता बनाए रखने में मदद करता है। जब प्रशिक्षक या मार्गदर्शक सही मार्गदर्शन और सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, तो इससे न केवल उनका शारीरिक विकास होता है बल्कि जीवन में सफलता के द्वार भी खुलते हैं। शनिवार को मुख्य अतिथि कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा का एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि ने शुभारंभ किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार की शाम को पहला मैच सीहोर क्लब और डीएसवायडब्ल्यू के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर क्लब ने 6-3 से जीत हासिल की। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से पुष्प, रोहित और सुमन ने 2-2 गोल किए।

किसी वाहन पर पहले ही जुर्माना लगाकर उसे छोड़ दिया गया था, तो उसी वाहन पर दोबारा फिर से कार्रवाई की गई!

# ये कैसी कार्रवाई?: निजी बोलेरो से पहुंचा राजस्व अमला, बिना रॉयल्टी रेत के 3 ट्रैक्टर किए जब्त

एक जुर्माना भरकर छूटा ट्रैक्टर राजस्व अमले ने फिर पकड़ा, टैक्टर छोड़ने के 10हज़ार दो टैक्टर ले जाओ वाहन मालिक ने लगाए आरोप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



**भैरुंदा।** सभी जब्त ट्रैक्टर वाहन कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में खड़े कराए गए



**भैरुंदा।** विभाग ने फिर से कार्रवाई करते हुए जब्त किया यह ट्रैक्टर

लाड़कुई क्षेत्र में शुक्रवार को राजस्व विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन के खिलाफ की गई कार्रवाई अब विवादों में घिरती नजर आ रही है। एक ओर जहां विभाग ने तीन ट्रैक्टरों को मौके पर पकड़कर जब्त किया, वहीं दूसरी ओर पहले से जुर्माना भरकर छूटे एक ट्रैक्टर को दोबारा पकड़ने के मामले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को राजस्व विभाग का अमला निजी बोलेरो वाहन से लाड़कुई क्षेत्र में पहुंचा और अवैध रेत परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान तीन ट्रैक्टरों को मौके पर पकड़कर कृषि उपज मंडी परिसर में खड़ा कराया गया। कार्रवाई के बीच एक चौथा ट्रैक्टर, जो पहले ही जुर्माना भरकर थाने से छोड़ा जा चुका था, उसे भी दोबारा जब्त कर लिया गया।

इस मामले में ट्रैक्टर मालिक महेंद्र वर्मा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि करीब 15 दिन पहले खनिज विभाग ने उनके ट्रैक्टर को बिना रॉयल्टी रेत परिवहन के मामले में पकड़ा था। इसके बाद उन्होंने 25 जून को कलेक्टर कार्यालय में जुर्माना जमा किया और 26 जून को आदेश की प्रति थाना भैरूंदा में दिखाकर शाम 4 बजे ट्रैक्टर छुड़वा लिया था।थाने से ट्रैक्टर छुड़ाने के बाद वे करीब 20 किलोमीटर लाड़कुई से आगे ही पहुंचे थे कि राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी की टीम ने फिर से उनका ट्रैक्टर पकड़ लिया। उन्होंने मौके पर जुर्माना दस्तावेज भी दिखाए, लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी। ओर टैक्टर वाहन को पकड़कर कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में खड़ा करवा दिया। इस दौरान

## वाहन मालिक ने लगाया आरोप

वाहन मालिक ने आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार रामदास गोरले के द्वारा ट्रैक्टर छोड़ने के बदले 10हजार रुपये की मांग की गई। हालांकि इस आरोप की पुष्टि करते हुए लाड़कुई क्षेत्र के नायब तहसीलदार रामदास गोरले का कहना है, आरोप निराधार है, किसी भी प्रकार से रुपयों की मांग नहीं की गई थी ट्रैक्टर चालक मौके पर दस्तावेज नहीं दिखा पाया था। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की गई और सभी चार ट्रैक्टरों को मंडी परिसर में खड़ा कराया गया है। आगे की कार्रवाई सोमवार को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार की जाएगी। तो वहीं अवैध वसूली पर लगे आरोपों को निराधार बताया गया है।

मामले का एक और पहलू तब सामने आया जब लाड़कुई चौकी प्रभारी राजेश यादव से जानकारी ली गई। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें इस पूरी कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब्त वाहनों की सूचना स्थानीय पुलिस को क्यों नहीं दी गई। यदि मंडी परिसर में खड़े इन वाहनों के साथ कोई घटना होती है, जैसे चोरी या अवैध रूप से हटाना, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह भी स्पष्ट नहीं है। इस पूरी कार्रवाई से आम लोगों के बीच प्रशासन की इस करवाई को लेकर चर्चाएं की जा रही हैं, किसी वाहन पर पहले ही जुर्माना लगाकर उसे छोड़ दिया गया था, तो उसी वाहन पर दोबारा कार्रवाई क्यों की गई।

### निराधार हैं आरोप

यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई है, वाहन मालिक महेन्द्र वर्मा ने जो आरोप लगाए हैं वे निराधार है, मौके पर उनके द्वारा कोई जुर्माना रसीद नहीं दिखाई गई थी। टैक्टर वाहन को कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में खड़ा किया गया तब जाकर उनके द्वारा दस्तावेज दिखाए गए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**रामदास गोरले,** नायब तहसीलदार

# कई जगह निर्माण सामग्री, मिट्टी और मलबा छोड़ा, ठेकेदार के पास मशीनरी तक नहीं

**भैरूंदा।** नगर परिषद भैरूंदा ने भोपाल रोड स्थित बस स्टैंड से माहेश्वरी की दुकान तक करीब 485 मीटर लंबे नाले का निर्माण शुरू किया था। काम को शुरू हुए करीब छह महीने बीत गए। काम अब तक पूरा नहीं हो सका। निर्माण पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। काम की रफ्तार को लेकर रहवासी नाराज हैं।

रहवासियों का कहना है कि नाले का करीब 60 प्रतिशत काम ही हो पाया है। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। समय रहते काम पूरा नहीं हुआ तो वार्ड क्रमांक 13 और 14 की कॉलोनियों में बारिश का पानी भरने की समस्या खड़ी हो सकती है। लोगों के मुताबिक धीमे काम से रोजमर्रा के आवागमन में भी दिक्कत हो रही है। कई जगह निर्माण सामग्री, मिट्टी, मलबा डालकर छोड़ दिया गया है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार के पास पर्याप्त संसाधन, मशीनरी नहीं है। इसी वजह से देरी हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी हनुमान मंदिर के सामने है। रहवासियों के मुताबिक करीब 25 दिन पहले मंदिर के सामने नाले की खुदाई हुई थी। खुदाई से निकली मिट्टी, मलबा अब तक नहीं हटाया गया। श्रद्धालुओं को मंदिर आने-जाने में परेशानी हो रही है। लोगों ने नाला निर्माण की गुणवत्ता, निगरानी पर भी सवाल उठाए हैं। सरिया और मलबा सड़क पर पड़ा लोगों ने बताया कि पुरानी टूटी हुई नाली को निकालने के दौरान निकला सरिया और मलबा सड़क पर पड़ा हुआ है। बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ फैल गया है और कई जगह सरिए खुले हुए दिखाई दे रहे हैं। यदि कोई व्यक्ति गिरता है तो गंभीर हादसा हो सकता है।



# राम-जानकी मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा और महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजन



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम सारखेड़ा में धार्मिक और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की एक अनूठी झलक देखने को मिली। ग्राम के प्राचीन राम मंदिर में भगवान राम-जानकी की नवीन प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर गांव में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती भी अत्यंत गरिमामय ढंग से मनाई गई, जिसके उपलक्ष्य में पूरे गांव के लिए एक विशाल भंडारे (महाप्रसादी) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों, विशेषकर युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के स्वाभिमान, शौर्य और राष्ट्रभक्ति से जुड़े जीवन प्रसंगों की छोटी-छोटी प्रेरक जानकारियां दी गईं। वरिष्ठ शिक्षक श्री लखन लाल राठौर के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस पूरे कार्यक्रम की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए एक सराहनीय कदम बताया। इस भव्य आयोजन में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की।

मुख्य अतिथियों में क्षेत्रीय विधायक के भाई बंटी भैया, ग्राम खंडवा के पूर्व सरपंच रामावतार जाट और ग्राम रामखेड़ा से अजीत सिंह मारण उपस्थित रहे। साथ ही, पतंजलि कन्या गुरुकुल से परिधि राठौर ने भी कार्यक्रम में अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। पूरे आयोजन को सफल बनाने में ग्राम सारखेड़ा के गणमान्य नागरिकों का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान बाबूजी दामोदर मेवाड़ा, विक्रम सिंह मेवाड़ा, देवी सिंह मेवाड़ा, पदम सिंह मेवाड़ा, दौलतराम मेवाड़ा, नरेश मेवाड़ा, देवनारायण, शिवनारायण प्रजापति, धन सिंह प्रजापति, लखन प्रजापति, राधेश्याम राठौर, कालूराम मालवीय, बाबूलाल मेवाड़ा, ओमप्रकाश प्रजापति और जगन्नाथ प्रजापति सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

राम-जानकी की महाआरती के बाद शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# 31 हजार से अधिक किसानों की समर्थन मूल्य पर खरीदी 1 जुलाई से



**भैरुंदा।** ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उत्पादक किसानों के लिए राहत भरी खबर है। भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत 1 जुलाई से 10 अगस्त तक समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द की खरीदी की जाएगी। जिले में 31 हजार से अधिक किसानों ने अपनी मूंग की उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है।

शनिवार को शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार किसानों से 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की निर्धारित उत्पादकता के आधार पर खरीदी की जाएगी। खरीदी केवल पंजीकृत एवं सत्यापित किसानों से ही होगी। इससे जिले के हजारों किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने की उम्मीद है। भारत सरकार ने विपणन वर्ष 2026-27 के लिए मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,768 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द का 7,800 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। सीहोर जिले में खरीदी का कार्य एनसीसीएफ के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि प्रदेश स्तर पर मार्कफेड को राज्य उपार्जन एजेंसी बनाया गया है। खरीदी केंद्रों पर सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक उपार्जन होगा। किसानों को शाम 8 बजे तक तौल पर्ची जारी की जाएगी, ताकि गुणवत्ता परीक्षण दिन के उजाले में पूरा किया जा सके। यदि किसी किसान की तौल निर्धारित दिनों में नहीं हो पाती है तो विशेष परिस्थितियों में शनिवार को भी तौल की जाएगी। शनिवार और रविवार को केंद्रों पर परिवहन, भंडारण, लेखा मिलान एवं अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। उपार्जन के दौरान केवल औसत अच्छी गुणवत्ता की उपज ही खरीदी जाएगी। गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरने वाली उपज स्वीकार नहीं की जाएगी।

**7 लाख क्विंटल खरीदी का अनुमान :** जिले में 31 हजार से अधिक किसानों के पंजीयन और शासन द्वारा निर्धारित 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की सीमा के आधार पर इस वर्ष करीब 7 लाख क्विंटल मूंग की खरीदी होने का अनुमान है। बीते वर्ष भी लगभग इतनी ही उपज सरकार द्वारा खरीदी गई थी। खरीदी के लिए जिले में विभिन्न उपार्जन केंद्र बनाए जा रहे हैं, जहां किसानों की सुविधा के अनुसार स्लॉट निर्धारित किए जाएंगे। सोमवार को उपार्जन केंद्रों के निर्धारण को लेकर बैठक होने की संभावना है।

**भुगतान को लेकर वेयरहाउस संचालक परेशान :** प्रदेश सरकार द्वारा खरीदी की घोषणा के साथ ही प्रशासन तैयारियों में जुट गया है, लेकिन दूसरी ओर क्षेत्र के वेयरहाउस संचालक पिछले सीजन के भुगतान को लेकर परेशान हैं। संचालकों का कहना है कि पूर्व में भंडारित अनाज का किराया अभी तक पूर्ण रूप से नहीं मिला है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि समय पर भुगतान नहीं मिलने से बैंक ऋण की किस्तें, कर्मचारियों का वेतन और अन्य खर्चों का वहन करना मुश्किल हो रहा है। संचालकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो नई खरीदी व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

## मंदिर परिसर में पौधारोपण, संरक्षण का संकल्प लिया

**सीहोर।** श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के तत्वाधान में मंदिर परिसर में इन दिनों पौधा रोपण का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर के अलावा अन्य स्थानों पर 100 से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। इस अभियान की शुरूआत वरिष्ठ समाजसेवी नमिता अखिलेश राय, संत माधवदास महाराज ने की थी, वहीं एक पौधा रोपण अभियान के तहत करीब 30 पौधे मंदिर परिसर में लगाए गए है। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बेहतर पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी है। केवल वृक्ष ही हमें ताजा हवा मुहैया कराते हैं। मंदिर परिवार के द्वारा पौधरोपण अभियान शुरू किया गया है।

## रेहटी सहित सलकनपुर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



**रेहटी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा की दो बूंद पिलाकर किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र मीना पटेल ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत को बनाए रखने के लिए प्रत्येक पांच वर्ष तक के बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अभियान के दौरान पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से प्रभावित न हो। संस्था प्रभारी डॉ. अभिषेक दायमा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के सभी पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर भी बच्चों को दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है और सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिद्धार्थी पिल्लई, सेक्टर सुपरवाइजर संजय जैन, कोल्ड चेन प्रभारी अजय सागर, फार्मासिस्ट सुरेश पवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर रेहटी सहित ग्रामीण क्षेत्र मैं भी पोलियो की दवाई पिलाई गई साथ ही सलकनपुर स्वास्थ्य केंद्र में भी 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई सलकनपुर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर से बच्चों को बुलाकर पोलियो की दवा पिलाई गई सलकनपुर में स्वास्थ्य की टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया गया ।

क्रिसेंट रेसीडेंसी ने दी आधुनिक क्लब हाउस की सौगात

# पहली बार विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित क्लब हाउस का शुभारंभ, रहवासी उठाएंगे लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





प्रतिष्ठित आवासीय परियोजना क्रिसेंट रेसीडेंसी ने अपने रहवासियों को एक और बड़ी सौगात दे दी है। क्रीसेंट रेसीडेंसी ने रविवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त क्लब हाउस का भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में विधायक सुदेश राय, पूर्व नगर पालिका समाजसेवी राकेश राय एवं वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में कॉलोनी के रहवासी नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आधुनिक आवासीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और क्रिसेंट रेसीडेंसी का हृदय से आभार व्यक्ति किया। आमंत्रित अतिथियों ने फीता काटकर क्लब हाउस का शुभारंभ किया तथा सभी आधुनिक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए क्रिसेंट रेसीडेंसी की सुविधा जनक पहल की सराहना की।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सुरेंद्र रलहन ने बताया कि क्रिसेंट रेसीडेंसी का यह क्लब हाउस आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इसमें स्विमिंग पूल, आधुनिक जिम्नेजियम, इंडोर गेम्स ज़ोन तथा मल्टीपरपज हॉल जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे रहवासियों को मनोरंजन, स्वास्थ्य और सामाजिक आयोजनों के लिए एक ही परिसर में सभी सुविधाएँ मिल सकें। क्रिसेंट रेसीडेंसी का उद्देश्य केवल नागरिकों को आवास उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि एक बेहतर और आधुनिक जीवनशैली भी प्रदान करना है। क्लब हाउस का शुभारंभ इसी संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उद्घाटन के पश्चात अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय और विधायक सुदेश राय ने रहवासियों के साथ क्लब हाउस का अवलोकन किया और उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना करते हुए क्रिसेंट रेसीडेंसी प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं।

# नदी चौराहे पर बड़ी एलईडी स्क्रीन पर सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात को सुनने के लिए रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल का असर देखने को मिला। नपा की पहल के कारण नदी चौराहे पर बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण कराया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने सीधा प्रसारण देखा। भाजपा पदाधिकारी एकजुट हुए। वहीं अनेक स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर कार्यक्रम सुना। नदी चौराहे पर लगी बड़ी एलईडी स्क्रीन पर पीएम मोदी का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

नदी चौराहे के अलावा शहर के चाणक्यपुरी के समीपस्थ कालोनी के बूथ क्रमांक 201 में नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के अलावा पार्षद और क्षेत्रवासियों ने रविवार को सीधा प्रसारण देखा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बच्चे उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री द्वारा देश के विकास, स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत और युवाओं की भूमिका पर दिए गए संदेशों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने समाज हित में कार्य करने का संकल्प भी लिया।

नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच संवाद का एक मजबूत माध्यम बन चुका है, जिससे देशवासियों को सकारात्मक दिशा मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### 2 जुलाई को लॉन्च होगा 'विकसित भारत-जी राम जी' मिशन

**हरदा।** देश के ग्रामीण विकास के इतिहास में 2 जुलाई एक ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है। 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी 'वीबी-जी राम जी' के राष्ट्रीय स्तर पर भव्य शुभारंभ के उपलक्ष्य में आगामी 2 जुलाई को जिला स्तर पर विशाल जन सम्मेलन सह लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के तिरुपति से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में 2 जुलाई को सुबह 11 बजे इस मिशन का मुख्य लॉन्च कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली जोसेफ ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और भारी संख्या में ग्रामीण श्रमिकों को आमंत्रित किया जाएगा। जिले और ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी ताकि ग्रामीणों को नई योजना के नियमों, अधिकारों और तकनीकों के बारे में विस्तार से जागरूक किया जा सके।

### छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक

**सीहोर।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास और आश्रमों का एमपी टॉस मॉड्यूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2026-27 में जो विद्यार्थी छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश के पहले अपना प्रोफाइल पंजीयन करा लें, बिना प्रोफाइल पंजीयन के छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पंजीयन के लिए वेबसाइट www.tribal.mp.gov.in पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण किया जा सकता है। विद्यार्थी जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है उस छात्रावास से निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त करें और पूर्ण भरा हुआ आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ (जैसे-जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी समग्र आईडी, आधार नंबर, प्रोफाइल पंजीयन, बैंक खाते की पासबुक, पिछली कक्षा की अंकसूची) छात्रावास में अधीक्षक के पास 30 जून 2026 तक जमा करा सकते है।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हो रही धर्मसभा

**सीहोर।** दिगंबर जैन संत मुनि साध्य सागर महाराज ससंघ सिद्धपुर नगर के जैन संत भवन में विराजमान हैं। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रोज सुबह उनके सानिध्य में अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम, पूजन-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। श्रावक-श्राविकाएं शामिल हो रहे हैं। धर्म लाभ ले रहे हैं। धर्मसभा में साध्य सागर महाराज ने कहा कि रोज अभिषेक और शांतिधारा करने से पापों का क्षय होता है। पुण्य बढ़ता है। भगवान के सामने अहंकार नहीं करना चाहिए। कर्म हम ही बांधते हैं। कर्म में मायाचारी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मों को भस्म करने का अच्छा उपाय भगवान की भक्ति है। भीतर का भाव जागता है। वैराग्य की ओर व्यक्ति बढ़ता है। उन्होंने कर्म का अर्थ बताया। कहा कि कर्म सिर्फ काम करना नहीं है।

### दो सप्ताह में आएगी रिपोर्ट, करीब 62 आपत्तियां कराई गई दर्ज

# खिरकिया रेलवे ओवरब्रिज के एलाइनमेंट का IIT मुंबई की टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



वर्ष 2029 में खिरकिया रेलवे क्रॉसिंग गेट के स्थायी रूप से बंद होने की प्रस्तावित योजना के मद्देनज़र बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर सोमवार को महत्वपूर्ण गतिविधि देखने को मिली। आईआईटी मुंबई की सिविल इंजीनियरिंग टीम ने ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित ओवरब्रिज के एलाइनमेंट का स्थल निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि ओवरब्रिज का टेंडर जारी हुए लगभग तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। विभिन्न आपत्तियों के निराकरण और तकनीकी पहलुओं की समीक्षा के लिए मुंबई से विशेषज्ञ टीम खिरकिया पहुंची। निरीक्षण के दौरान सिविल इंजीनियर अभिजीत मांझी, ब्रिज कॉरपोरेशन भोपाल के मुख्य अधिकारी ए.आर. मोरे, एसडीओ गिरीश हिग्वे, निर्माण एजेंसी के इंजीनियर आशीष देशमुख सहित अन्य अधिकारियों ने प्रस्तावित एलाइनमेंट का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि ओवरब्रिज निर्माण को लेकर जन संघर्ष समिति द्वारा करीब 62 आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं, लेकिन निरीक्षण के दौरान केवल एक आपत्तिकर्ता ही उपस्थित हुआ। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित ब्रिज में कहीं भी 90 डिग्री का मोड़ नहीं है, इसलिए इस संबंध में उठाई गई आशंकाएं तकनीकी रूप से सही नहीं हैं। निरीक्षण के दौरान अंडरब्रिज की संभावना पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि जिस स्थान पर अंडरब्रिज का सुझाव दिया गया है, वहां कृषि क्षेत्र होने के कारण वर्षा ऋतु सहित अन्य समय में भी जलभराव की स्थिति रहती है। ऐसे में वहां अंडरब्रिज का निर्माण व्यावहारिक नहीं है। मौके पर मौजूद एल्डरमैन विष्णु मोरी ने कहा कि रेलवे फाटक पर प्रतिदिन लगने वाला जाम शहर की सबसे बड़ी समस्याओं में शामिल हो चुका है। इसलिए जनहित में ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र शुरू किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान एक आपत्तिकर्ता ने हीरा ट्रांसपोर्ट के पास से वैकल्पिक मार्ग का सुझाव दिया, जिसका अधिकारियों ने मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया। हालांकि ब्रिज की लंबाई और चौड़ाई कम करने की मांग को अधिकारियों ने तकनीकी कारणों से अस्वीकार कर दिया। अधिकारियों के अनुसार आईआईटी मुंबई की टीम अगले दो सप्ताह में अपनी तकनीकी रिपोर्ट (ओपिनियन) ब्रिज कॉरपोरेशन को सौंपेगी, जिसके बाद ओवरब्रिज निर्माण की आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हरदा, भिरंगी गेट और टिमरनी में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण तेज गति से चल रहा है, जबकि खिरकिया में अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से क्षेत्रवासियों में लगातार नाराजगी बनी हुई है।

**इनका कहना है**

जन संघर्ष समिति द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों के संबंध में आईआईटी मुंबई की सिविल इंजीनियरिंग टीम ने ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों के साथ एलाइनमेंट का निरीक्षण किया है। निर्माण कार्य शुरू न होने के कारणों और संभावनाओं का परीक्षण किया गया है। लगभग दो सप्ताह में टीम अपनी रिपोर्ट ब्रिज कॉरपोरेशन को सौंपेगी, जिसके बाद ओवरब्रिज निर्माण की आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गिरीश हिग्वे,** एसडीओ, ब्रिज कॉरपोरेशन

## जिले में दिव्यांगजनों को मिलेंगे निःशुल्क कैलिपर्स और कृत्रिम अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क कैलिपर्स एवं कृत्रिम हाथ-पैर वितरित करने के लिए एक से 3 जुलाई तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एलिम्को कानपुर द्वारा अधिकृत एस.आर. ट्रस्ट रतलाम के माध्यम से मोबाइल वर्कशॉप में दिव्यांगजनों के ऑन द स्पॉट नाप लेकर उपकरण तैयार किए जाएंगे और शिविर स्थल पर ही वितरित किए जाएंगे। शिविर में सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा लैपटॉप सहित कर्मचारी तैनात कर मौके पर यूडीआईडी कार्ड जायेंगे साथ ही शिविर स्थल पर ही आय प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था भी की गई है। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि दिव्यांगजनों को निःशुल्क कैलिपर्स व कृत्रिम अंग प्रदाय करने हेतु एक जुलाई को जनपद पंचायत हरदा, 2 जुलाई को जनपद पंचायत टिमरनी व 3 जुलाई को जनपद पंचायत खिरकिया में शिविर आयोजित किये गये है।

उप संचालक श्री सिंह ने बताया कि शिविर में यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी, फोटो एवं आय प्रमाण पत्र (22 हजार मासिक से कम) लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरदा, टिमरनी एवं खिरकिया को शिविरों के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। नगर पालिका हरदा की सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मोनिका यादव सहायक नोडल अधिकारी रहेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे शासकीय व अशासकीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ियों में पंजीकृत दिव्यांग बच्चों को शिविर में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव व वार्ड प्रभारियों को दिव्यांगजनों को शिविर तक लाने की जिम्मेदारी दी गई है।

## बावड़ी उत्सव का समापन, भविष्य के लिए जल संरक्षण का लिया संकल्प

### गंगा जल संवर्धन के तहत कार्यक्रम का किया आयोजन




**हरदा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे बावड़ी उत्सव का विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम रविवार को ग्राम उड़ा स्थित कालू बाबा बावड़ी स्थल पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी अखिलेश पाराशर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण, जल स्रोतों के पुनर्जीवन और भूजल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा जन अभियान है। जिला समन्वयक संदीप गौहर ने अभियान ने बताया कि नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन वर्षा, जल संचयन को बढ़ावा देना और भूजल स्तर में सुधार करना, जनभागीदारी और जागरूकता बढ़ाना, वृक्षारोपण एवं जलग्रहण क्षेत्रों का विकास करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। अभियान के अंतर्गत तालाबों-नालों की सफाई एवं गहरीकरण, चेक डैम-स्टॉप डैम और खेत-तालाब का निर्माण, वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण, वृक्षारोपण तथा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें स्थानीय समुदाय, पंचायतों और स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। समापन अवसर पर परामर्शदाता दीनबंधु गौर, संजय ठाटे, सुरेंद्र चौहान, प्रहलाद नागवे, दीपांशु सोनी एवं प्रयास सामाजिक संस्था प्रमुख नीरज गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नगर पालिकाएं रिहायशी क्षेत्रों से आवारा कुत्ते हटाएं जल भराव वाले स्थानों पर सूचना बोर्ड लगें: कलेक्टर

### सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की अनदेखी पड़ेगी महंगी, कटेगी तनख्वाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने नगर पालिकाओं को आवारा कुत्तों पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि सार्वजनिक एवं रिहायशी क्षेत्रों से आवारा कुत्तों को अन्यत्र शिफ्ट किया जाए। सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ध्यान दें कि आवारा कुत्तों से आम नागरिकों को परेशानी न हो। सोमवार को आयोजित समयावधिक पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि बरसात को दृष्टिगत जिले की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए। शहरी क्षेत्रों में नालों की सफाई भी करवाई जाए। जिन स्थानों पर जल भराव की स्थिति बनती है, वहां सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक सूचना बोर्ड एवं बेरिकेडिंग लगवाई जाएं। उन्होने सड़क निर्माण से जुड़े विभागों को यह भी निर्देश दिये कि भविष्य में निर्मित होने वाली सड़कों में पानी की ड्रेनेज व्यवस्था आवश्यक रूप से तैयार की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में बीएसएनएल का एफटीटीएच इंटरनेट कनेक्शन लगवाया जाए। इन कनेक्शनों से इंटरनेट के आवश्यक उपयोग के साथ-साथ किसानों को उर्वरक की उपलब्धता के लिये ई-टोकन प्राप्त करने जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेगी। उन्होने इंटरनेट विहीन क्षेत्रों के स्कूलों में भी एफटीटीएच कनेक्शन लगवाने के निर्देश दिये ताकि शिक्षकों की ई-अटेण्डेंस एवं अन्य कार्यों में सहूलियत मिल सके।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में अनुपयोगी सरकारी भवनों की जानकारी भी संकलित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि ऐसे भवनों का उपयोग अन्य विभागों के कार्यों के लिये किया जा सकेगा। इस दौरान उन्होने नगरीय क्षेत्रों में निर्मित होने वाले सभी भवनों में नगर पालिका की भवन निर्माण अनुमति आवश्यक होने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जो भवन बिना अनुमति के बनाये जा रहे है, उनको नोटिस देकर तोड़ा जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई और कहा गया कि एल-1 स्तर पर शिकायत की अनदेखी किये जाने वाले जिम्मेदार कर्मचारियों का वेतन काटा जाए। बैठक में अन्य विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई एवं राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की भी जानकारी ली गई। इस दौरान जिपं सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आरसेटी से 26 महिलाओं को ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

### कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जिला मुख्यालय पर संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की 26 महिलाओं को निःशुल्क ब्यूटी पार्लर कोर्स से प्रशिक्षित किया गया है। इस 35 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिये बैंक द्वारा क्रेडिट लिंकेज भी प्रदान किया जाएगा।

सोमवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने प्रशिक्षण में पहुँच कर प्रशिक्षणार्थी महिलाओं से चर्चा की एवं उनको ब्यूटी पार्लर का रोजगार स्थापित करने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान एलडीएम मनोज पंवार एवं संस्थान के निदेशक दिनेश कुमार शाक्य भी मौजूद थे। कलेक्टर ने इस दौरान संस्थान में पौधरोपण भी किया एवं संस्थान की गतिविधियों का निरीक्षण किया।

### 20.85 लाख की वसूली के लिए 16 प्रकरण दर्ज

## हरदा में बिजली बकायादारों पर कार्यवाही 11 ट्रांसफार्मर और 139 कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, संचालन एवं संधारण संभाग हरदा (उत्तर) द्वारा बकाया राशि वसूली अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही की गई है। उप महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी हरदा संभाग उत्तर संजय यादव ने बताया कि वसूली अभियान के तहत हरदा शहर, हरदा ग्रामीण क्षेत्र एवं खिरकिया से लगे वितरण केन्द्रों में शतप्रतिशत बकाया राशि 4.4 लाख रूपये पर 11 ट्रांसफार्मर विच्छेदित किये गये है। इसी प्रकार वितरण केन्द्रों में विभिन्न श्रेणियों के 139 कनेक्शन पर कुल बकाया राशि 20.85 लाख रूपये के लिये अस्थाई विच्छेदित किये गये। वितरण केन्द्र प्रभारी द्वारा चेकिंग अभियान चलाते हुए धारा 135 एवं धारा 126 के तहत 16 प्रकरण दर्ज किये गये। संभाग हरदा उत्तर द्वारा वसूली एवं चेकिंग अभियान निरन्तर जारी रखा जाएगा। उप महाप्रबन्धक श्री यादव ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि अति शीघ्र बिल पर बकाया राशि जमा करें तथा विद्युत चोरी न करें।

## लसूड़िया परिहार में युवक ने लगाई फांसी 4 पन्नों के सुसाइड नोट में कर्जदारों के नाम

### जितेंद्र गोस्वामी ने डायरी में लिखा नामजद हिसाब-किताब, किससे लेना था पैसा किनके कर्ज से था परेशान, पुलिस बोली- जांच के बाद होगी सख्त कार्रवाई

**आर्थिक तनाव बना मौत की वजह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिला मुख्यालय के पास ग्राम लसूडिया परिहार में बुधवार को सनसनी फैल गई, जब एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान जितेंद्र गोस्वामी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

पुलिस को मौके से एक 4 पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है। सूत्रों के मुताबिक जितेंद्र ने सुसाइड नोट में क्षेत्र के कई लोगों के साथ हुए आर्थिक लेनदेन का सिलसिलेवार जिक्र किया है। डायरी में नामजद हिसाब-किताब लिखा है कि उसे किन लोगों से मोटी रकम लेनी थी और किनके कर्ज व मानसिक प्रताड़ना के कारण वह आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हुआ।

सुसाइड नोट सामने आते ही लसूडिया परिहार और आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया है। तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नोट में कई बड़े नाम हैं, जिनसे जितेंद्र का पैसों का लेनदेन था।

**पुलिस बोली- तथ्यों की पुष्टि के बाद होगी कार्रवाई :** कोतवाली टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर मर्ग कायम कर लिया गया है। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

### पति की दीर्घायु, सुखी दांपत्य जीवन एवं अखंड सौभाग्य की कामना की

## श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया वट सावित्री पूर्णिमा व्रत, महिलाओं ने की 108 परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव




सिद्ध श्री खेड़ापति माता मंदिर, रहटगांव में वट सावित्री पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने मंदिर परिसर स्थित वट (बरगद) वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु, सुखी दांपत्य जीवन एवं अखंड सौभाग्य की कामना की।

महिलाओं ने वट वृक्ष पर हल्दी, कुमकुम और सिंदूर अर्पित किया तथा भीगे हुए चने, फल एवं मिठाई का भोग लगाया। इसके पश्चात कच्चा सूत एवं कलावा वट वृक्ष पर लपेटते हुए श्रद्धापूर्वक 108 परिक्रमा कीं। पूजा के दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि वट सावित्री पूर्णिमा व्रत सुहागिन महिलाओं द्वारा ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को रखा जाता है। यह व्रत अखंड सौभाग्य, सुखी वैवाहिक जीवन तथा पति की लंबी आयु की कामना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट (बरगद) वृक्ष में त्रिदेव—ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है, इसलिए इस दिन वट वृक्ष की विशेष पूजा का विधान है। पूजन के उपरांत महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। आयोजन में क्षेत्र की बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं की सहभागिता रही।